प्रेस विज्ञप्ति

हिन्दुस्तान कॉलेज के सिविल इंजी. विभाग के सहायक आचार्य श्री पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा पीएचडी की उपाधि से सम्मानित

आगरा। शारदा ग्रुप के प्रतिष्ठित संस्थान हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी के सिविल इंजीनियिरिंग विभाग के सहायक आचार्य **श्री पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री नेत्रपाल शर्मा** को सिविल इंजीनियरिंग के पर्यावरण स्पेशलाइजेशन में **''चर्म शोधन कारखाने के गंदे पानी से क्रोमियम हटाने हेतु कृषि एवं बागवानी के कचरे का अवशोषक के रूप में उपयोग के निष्पादन मूल्यांकन और अनुकूलता अध्ययन''** पर शोधकार्य के लिए पीएचडी की उपाधि प्रदान की गयी है। गौरतलब है कि श्री शर्मा को हिन्दुस्तान कॉलेज के पर्यावरण विभाग के विभागाध्यक्ष एवं सह–आचार्य डॉ. चन्द्र नाथ त्रिपाठी एवं अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़ के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के सह–आचार्य डॉ. सोहेल अयूब के संयुक्त मार्गदर्शन में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय एवं हिन्दुस्तान कॉलेज के संयुक्त शोधकेन्द्र से डॉ. ऐपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया।